हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि


रायपुर, शनिवार 18 जनवरी 2025


तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

12 निकाय चुनाव को लेकर हुई भाजपा की बैठक...




11 श्री कृष्ण-सुदामा के मिलन का अद्भुत...






## खबर संक्षेप

### देवकर के अनुराग का एमबीबीएस में चयन



**देवकर।** नगर के होनहार युवा अनुराग टंडन का एमबीबीएस में चयन हुआ है। उन्होंने स्व. बलिराम कश्यप स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय जगदलपुर में प्रवेश लिया है। उनकी माता सुनाक्षी टंडन पिता दुर्गु प्रसाद टंडन हैं। अनुराग ने पांचवी तक की पढ़ाई देवरबीजा में की। वर्ष 2015 में अनुराग का नवोदय विद्यालय के लिए चयन हुआ था । अनुराग के एमबीबीएस में चयन होने पर उनके परिवार, गांव एवं विद्यालय में हर्ष का वातावरण है। इस अवसर पर विद्यालय की ओर से रोमेन्द्र सिंह, येसु दास मानिकपुरी, प्रेमलता मांडवी, शारदा टंडन, विनीत राजपूत, मंजू घृतलहरे, देवकुमारी साहू, संगीता साहू, ईश्वरी साहू, पलक साहू, प्रिया साहू, ज्योति सोनवानी, मोनिका साहू, संतोषी साहू, माधुरी साहू, संजना निर्मलकर एवं नंदिता तिवारी ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 2 से प्रांजल ने की दावेदारी

**बेमेतरा।** जिला पंचायत आरक्षण की घोषणा के पश्चात से ही क्षेत्र क्रमांक 02 में भाजपा एवं कांग्रेस से दावेदारों की लंबी कतार लग चुकी हैं। ऐसे में बहेरा निवासी कांग्रेस के युवा नेता प्रांजल तिवारी भी क्षेत्र क्रमांक 02 बालसमूंद से अपनी दावेदारी पेश कर रहे। ज्ञात हो कि प्रांजल तिवारी जो है पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा के करीबी माने जाते हैं और कांग्रेस संगठन में कई महत्वपूर्ण दायित्वों का निर्वहन कर चुके हैं।

### जिले में लर्निंग लाइसेंस बनाने लगेगा कैम्प 21 को

**बेमेतरा।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अवसर पर जिले के निवासियों के लिए परिवहन विभाग और यातायात विभाग के संयुक्त तत्वाधान में लर्निंग लाइसेंस कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। यह कैम्प 21 जनवरी को आयोजित किया जाएगा। इसका आयोजन कार्यालय यातायात पुलिस विभाग परिसर में सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक होगा। कैम्प का उद्देश्य नागरिकों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करना और उन्हें लर्निंग लाइसेंस प्रदान करना है। इस कैम्प में शामिल होने के लिए आवेदकों को अपने साथ कुछ जरूरी दस्तावेज लेकर आना होगा, जिनमें जन्मतिथि प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र और एक पासपोर्ट साइज फोटो शामिल हैं। लर्निंग लाइसेंस कैम्प में आवेदकों का ऑनलाइन फॉर्म भरा जाएगा। इसके बाद बायोमेट्रिक प्रक्रिया पूरी की जाएगी। इसके उपरांत आवेदकों को सड़क सुरक्षा संकेतकों की जानकारी दी जाएगी, जिससे वे जागरूक होकर लर्निंग लाइसेंस टेस्ट में शामिल हो सकें।

**दहशत :** वन मंडलाधिकारी परदेशी ने फुट प्रिंट से क्षेत्र में घूम रहे जानवर के बाघ होने की पुष्टि की

# चरवाहे ने कहा, बाघ को गन्ने के खेत में घुसते देखा ड्रोन में भी नजर नहीं आया, पर फुट प्रिंट से हुई पुष्टि







हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/साजा

वनमुक्त बेमेतरा जिले के साजा परिक्षेत्र अंतर्गत ग्रामीण इलाकों में लगातार दूसरे दिन बाघ दिखाई देने मामला सामने आया है। इस बार नगर साजा से केवल 01 किलोमीटर दूर एक स्थानीय चरवाहे ने सड़क पार कर गन्ने की खेत में घुसते देखने का दावा किया। वन्यजीव की दस्तक की यह खबर नगर क्षेत्र में फैलते ही जबरदस्त अफरातफरी आमलोगों में मची हुई है। इस घटनाक्रम की सूचना पर फॉरेस्ट, राजस्व और पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा दिनभर ड्रोन के माध्यम से गन्ने की खेत में तलाशी अभियान चलाया गया।

किन्तु दूसरे दिन भी किसी तरह का खास कामयाबी प्रशासन को नहीं मिल पाई। हालाँकि मौहाभाठा से लगे ग्राम अतरझोला में नदी किनारे एक किसान के खेत में सन्दिग्ध जँगली जानवर का पदचिन्ह पाया गया है, जिसे फिलहाल जाँच के लिए रेखांकित कर पीओपी से भरकर सुखाया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार नगर साजा से लगे तेंदुभाठा मार्ग पर स्थानीय निवासी राजा शौर्यजीत सिंह ने अपने 50 एकड़ खेत में फिलहाल गन्ना बोया है। गन्ने के खेत में तेंदुभाठा के पशु चरवाहा दुकालू ने बाघ को दाखिल होते देखने का दावा किया है। हालांकि, देर शाम तक ड्रोन के माध्यम से खोजबीन की गई, किन्तु रात तक उक्त वन्यजीव का पता नहीं चल पाया। इस बीच, दुर्ग वनमण्डलाधिकारी सीएस शंकर सिंह परदेशी ने बताया कि साजा परिक्षेत्र में घूम रहे सन्दिग्ध वन्यजीव के बाघ होने की पुष्टि फुटप्रिंट्स से हो गयी है। जिसकी सूचना मुख्य वन संरक्षण व सीसीएफ को दी गयी है। उनके मार्गदर्शन व दिशानिर्देश पर कल सुबह से कवर्धा-डीएफओ शशिकुमार एवं अन्य फारेस्ट ऑफिसर सहित हमारी टीम सन्दिग्ध स्थल पर पहुंचकर पैट्रोलिंग एवं रेस्क्यू अभियान की शुरुआत की जाएगी। ततपश्चात बाघ के मूवमेंट व नेचर का पता लगाकर उसे ट्रेंकुलाइज कर उपयुक्त टाइगर रिजर्व क्षेत्र में सुरक्षित छोड़ा जाएगा। इसके लिए प्रशासन द्वारा लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी जा रही है।

**प्रशासन ने लोगों से की सतर्कता बरतने की अपील की**



### पूर्व विधायक के फार्महाउस के बाद वर्तमान विधायक के घर के पास बाघ ने डाला डेरा



हैरानी की बात है कि जहाँ एक दिन पहले ही साजा विधानसभा क्षेत्र के ही पूर्व विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री रविन्द्र चौबे के गृहग्राम मौहाभाठा में स्थित उनके 100 एकड़ के फार्महाउस में स्थानीय ग्रामीणों को विचरण करता दिखा। वहीं अगले दिन सुबह एक स्थानीय पशु चरवाहे को नगर साजा में वर्तमान विधायक विधायक ईश्वर साहू के निवास के समीप ही स्थित भाजपा नेता शौर्यजीत सिंह के गन्ने के फार्म पर बाघ ने डेरा डाल लिया, जो आमलोगों के लिए कौतूहल व चर्चा का विषय रहा। इसे लेकर आमजनमानस में विभिन्न तरह की अटकलें लगाई जा रही हैं।

### जिला प्रशासन ने नागरिकों से की सतर्कता बरतने की अपील

जिले में हाल ही में बाघ की मौजूदगी की खबरों के बीच प्रशासन ने नागरिकों को सतर्क रहने की सलाह दी है। कलेक्टर श्री रणबीर शर्मा ने सभी नागरिकों से अनुरोध किया है कि अपने घरों से बाहर न निकलें और उन स्थानों से बचें जहां हाल ही में बाघ को देखे जाने की खबरें आ रही हैं। प्रशासन ने कहा कि बाघ से उचित दूरी बनाए रखें। इसे कोने में ना घेरें, बल्कि भाग जाने का रास्ता दें। घर के आसपास सतर्क रहें, बच्चों को घर से बाहर न जाने दें। राजस्व, वन और पुलिस के फील्ड अधिकारी बाघ को पकड़ने के लिए 24×7 काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कृपया सुरक्षा का ध्यान रखें और अनावश्यक रूप से घर से बाहर न निकलें। प्रशासन आपकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। किसी भी आपात स्थिति में तुरंत प्रशासन से संपर्क करें। सुरक्षा ही प्राथमिकता है।

### अतरझोला गाँव में मिला अहम सुराग, खेत में मिले पंजे के निशान

ग्राम मौहाभाठा से महज 02 किलोमीटर दूर स्थित सहायक ग्राम अतरझोला के 65 वर्षीय किसान देवनाथ सोनकर ने बताया कि सुरही नदी किनारे स्थित रोहित सोनकर के खेत में 2 दिन पूर्व ही उक्त वन्यजीव का बड़ी संख्या में फुट प्रिंट पाया गया था, जिसे उन्होंने तब नजरन्दाज कर दिया। किन्तु जब मौहाभाठा में शेर दिखने की बात सामने आई तो उन्होंने इसकी सूचना वन अमले को दी, जिसकी कल वनकर्मियों द्वारा अफसरों की उपस्थिति में पदचिन्हों व फुटप्रिंट्स को पीओपी से भरकर सुरक्षित जांच के लिए ले जाया जाएगा।

### वन्यजीव की आमद से रातभर डर के साये में रहे मौहाभाठा के ग्रामीण

बहरहाल बेमेतरा जिला के साथ साजा क्षेत्र में पहली बार राष्ट्रीय पशु बाघ की दस्तक ने क्षेत्रभर में उत्सुकता बढा दी। दशकों से वन रहित मुक्त क्षेत्र में जँगली जानवर का मिलना हैरत की बात है। मौहाभाठा में ग्रामीणों द्वारा टाइगर देखे जाने के बाद से ही लोग भयभीत होकर शाम होते ही घरों में आ धमके और अगली सुबह गाँव से खेत जाने में लोग कतराते रहे। बताया जा रहा है कि उक्त सन्दिग्ध वन्यजीव नदी के रास्ते इलाके में पहुंचा था।

## राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत हुई क्विज स्पर्धा, 41 बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरला

विकासखंड स्तरीय क्विज प्रतियोगिता का आयोजन शासकीय कन्या पूर्व माध्यमिक शाला बेरला में किया गया। प्रतियोगिता में विकासखंड बेरला अंतर्गत विभिन्न स्कूलों से एक-एक बच्चे को आमंत्रित किया गया था। इन बच्चों का सिलेक्शन संकुल स्तर पर होने वाले क्विज कॉम्पिटिशन के आधार पर किया गया था। उसके बाद राष्ट्रीय आविष्कार अभियान अंतर्गत समग्र शिक्षा द्वारा विकासखंड स्तर पर 17 जनवरी को आयोजित प्रतियोगिता में विकासखंड बेरला से 41 बच्चे शामिल हुए। परीक्षा में विज्ञान और गणित से संबंधित 40 प्रश्न पूछे गए थे, जिन्हें डेढ़ घंटे में हल करना था। बच्चों ने अधिक से अधिक सहभागिता सुनिश्चित करते हुए 40 अंकों में से 36 और 38 नंबर तक बच्चों ने अपनी उपलब्धि हासिल किया। उसके बाद बच्चों को प्रशस्ति एवं उपहार से सम्मानित किया गया। साथ ही संबंधित शिक्षकों को दोपहर स्वल्पाहार की व्यवस्था भी की गई थी।

■ शासकीय कन्या पूर्व माध्यमिक शाला बेरला में हुई विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिता

इस अवसर पर विकास खंड शिक्षा अधिकारी जेपी करमाकर, विकासखंड स्रोत केंद्र समन्वयक खोमलाल साहू एवं विशेष मार्गदर्शन के रूप में सेजस कुसमी ठाकुर तथा सहायक विकास खंड शिक्षा अधिकारी अदेश कुमार उईके, राज्यपाल पुरस्कृत भुवन लाल साहू एवं 41 शिक्षक एवं बच्चे तथा संकुल समन्वयक उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन पतोरा संकुल समन्वयक मयंक सिंह राजपूत ने किया।

## विकासखंड स्तरीय क्विज़ स्पर्धा में बीजा की छात्रा संध्या रहीं अव्वल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत विकासखण्ड साजा में माध्यमिक शालाओं के बच्चों के लिए विकासखण्ड स्तरीय क्विज़ स्पर्धा का आयोजन किया गया। यह आयोजन शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला साजा में किया गया। प्रतियोगिता में साजा विकासखण्ड के 44 संकुल के बच्चों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में बीजा संकुल की संध्या ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। परसबोड संकुल के अन्नू साहू ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। तृतीय स्थान चार छात्राओं सुरुचि नेताम, आकाश सोनकर, सूरज साहू और सपना ने प्राप्त किया। सभी विजेताओं को विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी




नीलेश चंद्रवंशी ने पुरस्कृत किया। साथ ही सभी प्रतिभागियों को भी सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया।

**प्रतियोगिता में भाग लेना महत्वपूर्णः** बीईओ साजा नीलेश चंद्रवंशी ने अपने उद्बोधन ने सभी बच्चों से कहा कि किसी भी प्रतियोगिता में प्रथम या द्वितीय आना उतना महत्त्वपूर्ण नहीं है जितना कि उसमें भाग लेना। उन्होंने सभी प्रतियोगियों को जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए तथा सभी बच्चों को सफलता व उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। प्रतियोगिता का उदघाटन भाषण विकासखंड स्त्रोत समन्वयक बीडी बघेल ने दिया। समापन भाषण और धन्यवाद ज्ञापन सीएसी आनंद कुमार ताम्रकार ने दिया। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में प्रधानपाठक होरी लाल मिर्झा, सीएसी माखन लाल वर्मा, मनोज वर्मा का विशेष सहयोग रहा।

## शिवसेना ने जिले में शराब की अवैध बिक्री पर रोक लगाने की मांग की

हरिभूमि न्यूज:बेमेतरा

शिवसेना उद्धव बालासाहेब ठाकरे पार्टी के प्रदेश सचिव व जिला बेमेतरा प्रभारी दाऊ, राम चौहान ने कहा कि जिले में आबकारी अधिकारी के संरक्षण एवं शराब दुकान की कर्मचारियों की मेहरबानी से जिले के अंग्रेजी व देशी शराब दुकान से कोचियों की तादाद दिनों दिन बढ़ती जा रही है।

■ कोचियों पर जल्द लगाम नहीं कसने पर दी आंदोलन की चेतावनी

इन्हें बड़ी मात्रा में शराब आसानी से उपलब्ध हो जाती है, जबकि शासन द्वारा निर्धारित मात्रा में ही शराब देने की प्रावधान है। वहीं, कर्मचारियों द्वारा शराब दुकान के सीसीटीवी कैमरे को बंद कर दिया जाता है। श्री चौहान ने कहा कि जिले के तीनों विधानसभा एवं ब्लॉक स्तर के प्रत्येक ग्रामों में तीन से चार शराब कोचिए आसानी से मिल जाएंगे और उनके पास स्टॉक के साथ ही हर वैरायटी की शराब मिल जाती है। उन्होंने कहा कि गांव-गांव में कोचियों से आसानी से शराब मिल जाने के कारण बेमेतरा जिले में चोरी व मारपीट जैसी घटनाएं आम हो गई हैं। प्रदेश सचिव व जिला प्रभारी दाऊराम चौहान, जिला प्रमुख गिरवर रजक, जिला उप प्रमुख रामचरण वर्मा, जिला महासचिव डोमेन्द्र राजपूत, जिला मीडिया प्रभारी लक्ष्मण राजपूत सहित अन्य शिव सैनिकों ने शराब की अवैध बिक्री पर लगाम लगाने की मांग की है। साथ ही जल्द ही लगाम नहीं लगाए जाने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

**जिले में स्थित विद्यालय की 80 सीट के लिए 10652 परीक्षार्थी देंगे परीक्षा**

# जवाहर नवोदय विद्यालय में प्रवेश के लिए चयन परीक्षा आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

संयुक्त आयुक्त जवाहर नवोदय विद्यालय समिति मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा आयोजित जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा 18 जनवरी को सुबह 11:30 से दोपहर 1:30 तक जिले के 44 परीक्षा केंद्र में ली जाएगी। इस परीक्षा के सुचारू और सुव्यवस्थित ढंग से संचालन के लिए कलेक्टर बेमेतरा द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी डॉ कमल कपूर बंजारे को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

जिला नोडल अधिकारी डॉ कमल कपूर बंजारे ने बताया कि बेमेतरा जिले में जवाहर नवोदय विद्यालय में प्रवेश के लिए कुल 80 सीट हैं। प्रवेश परीक्षा में शामिल होने के लिए 10652 परीक्षार्थियों ने आवेदन किया है। इसके लिए पूरे जिले में 44 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। जिला शिक्षा अधिकारी एवं नोडल अधिकारी डॉ कमल कपूर बंजारे ने बताया कि जिले के सभी प्राथमिक विद्यालयों के प्रधान पाठकों को पत्र जारी कर सभी बच्चों की उपस्थिति निर्धारित तिथि एवं समय में पालकों या अभिभावकों के साथ समस्त दस्तावेज सहित परीक्षार्थियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने निर्देशित किया गया है। कोई भी पात्र परीक्षार्थी उक्त परीक्षा से वंचित न रहे, इस बात का विशेष ध्यान रखें। इस परीक्षा के लिए कलेक्टर के द्वारा जिला स्तर पर परीक्षा केन्द्रों के निरीक्षण के लिए विकासखंडवार उड़नदस्ता का दल भी बनाया गया है।




**इन विद्यालयों को बनाया गया है परीक्षा केंद्रः** डॉ बंजारे ने बताया कि बेमेतरा विकासखंड में शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेमेतरा, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय बेमेतरा, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बाबा मोहतरा, बालसमुंद मोहरेंगा, खंडसरा, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट शिवलाल राठी विद्यालय बेमेतरा, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैजलपुर, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जेवरा कुल 9 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इसी तरह विकासखंड बेरला में सेजेस बेरला, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेरला, सेजेस कुसमी, शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला सरदा, शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला पतोरा, शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला गोड़गिरी, शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला बारगाँव, शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला लेंजवारा, सेजेस हसदा, शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला देवरबीजा, शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला आनंदगांव, सेजेस कठिया रांका शामिल है। वहीं, साजा विकासखंड में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बनरांका, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बालक देवकर, सेजेस देवकर, बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय साजा, कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय साजा, कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय थानखमरिया, सेजेस थानखमरिया, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ठेलका, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बोरतरा, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चिल्फी, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बीजा, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मोहतरा को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। नवागढ़ विकासखंड में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अंधियार खोर, शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला झाल, शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला बालक नवागढ़, शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला कन्या नवागढ़, शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला मुरता, शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला सम्बलपुर, शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला नाँदघाट, शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला टेमरी, शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला प्रतापपुर, शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला खेड़ा, शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला मारो को परीक्षा केंद्र बनाया गया है।


एस.आर. पैरामेडिकल कॉलेज
छ.ग. शासन के पैरामेडिकल काउंसिल से मान्यता प्राप्त
प्रवेश प्रारंभ
सीमित सीटे
उपलब्ध पैरामेडिकल टेक्निशियन कोर्स
➔ ऑपरेशन थियेटर टेक्निशियन
➔ पैथोलॉजी लैब टेक्निशियन
➔ एक्स-रे टेक्निशियन
सरकारी नौकरी हेतु मान्यता प्राप्त कोर्स
काउंसलर का मोबाईल नं.-7880102604
चिखली, पोस्ट-जेवरा सिरसा, धमधा रोड, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

पाठक सूचना
बेमेतरा जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319154342, 8224868411

